Title: Need to provide railway halts at Belari and Basadia villages in Bihar.

श्री मंजय लाल (समस्तीपुर) : महोदय, पूर्व मध्य र्लवे के अंतर्गत समस्तीपुर-बरौनी स्टेशनों के बीच समस्तीपुर उजियारपुर के मध्य में बेलारी गांव तथा उसी लाइन में नासिरगंज-दलसिंह सराय के बीच बसढ़िया गाँव में रेलवे-हाल्ट के लिए बहुत दिनों से जनता मांग कर रही है। इन हाल्टों के निर्माण हेतु स्थानीय जनता द्वारा कई बार आंदोलन भी किया गया है। वास्तव में स्थानीय जनता के हित के लिए दोनों स्थानों पर रेलवे हाल्ट बनाया जाना आवश्यक है। बसढ़िया के संबंध में विभाग द्वारा जांच कार्य भी कराया जा चुका है। केवल हाल्ट बनाने का आदेश निर्गत करने की आवश्यकता है। मैं रेल मंत्री से अनुरोध करता हूँ कि जनहित में उपर्युक्त दोनों स्थानों - बेलारी और बसढ़िया में रेलवे हाल्ट बनाने के लिए शीघ्र ही आदेश देने की कृपा करें।